तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 12 जनवरी 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 मजदूर संघ का सीएमपीएफ घोटाले की सीबीआई जांच की मांग पर प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### युवा दिवस पर आज होंगे विभिन्न कार्यक्रम, संकल्प यात्रा शिविर

**अंबिकापुर।** शुक्रवार को 27 वें राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का युवाओं के नाम संदेश विकसित भारत/2047 युवा के लिए, युवा के द्वारा थीम पर आधारित होगा जिसका पूरे देश में प्रसारण किया जायेगा। युवाओं और लोगों तक प्रधानमंत्री के संदेश को पहुंचाने आवश्यक तैयारी करने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। जिसमें विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के युवाओं के नाम संदेश का प्रसारण किया जाएगा। जिले में इसके लिए समस्त जनपदों और ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में युवा दिवस अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराया जाना है जिसमें रोड सेफ्टी कार्यक्रम के तहत ट्रैफिक वॉलंटियर ड्यूटी एवं आने जाने वालों को रोड सेफ्टी हेतु सावधानियों से अवगत कराया जाएगा। बाल कल्याण कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी विशेष भ्रमण, बाल अधिकार, सुरक्षा एवं विकास पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी जिसमें विशेषज्ञ और बाल मनोचिकित्सक शामिल होंगे। इसी तरह स्वच्छता ड्राइव के तहत अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष कार्यशाला, स्वच्छता ड्राइव सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

### बालवाड़ियों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**अंबिकापुर।** कलेक्टर विलास भोस्कर संदीपान के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा गुरुवार को जिले में संचालित 312 बालवाड़ीयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। जिले में सत्र 2022-23 में कुल 159 बालवाड़ी तथा सत्र 2023-24 में कुल 153 कुल बालवाड़ी संचालित है। निरीक्षण के दौरान बालवाड़ीयो में चेकलिस्ट के अनुसार वास्तविक स्थिति की जानकारी लेते हुए समीक्षा की गई। बता दें नई शिक्षा नीति के तहत 5 से 6 वर्ष तक के बच्चो के बेहतर शिक्षा के लिए बालवाड़ी का संचालन किया जा रहा है। इस योजना का मूलभूत उद्देश्य बच्चो को खेल खेल में शिक्षा देना है, जिससे विशेष रूप से पिछड़े,आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चो को बेहतर बचपन की शिक्षा प्रदान की जा सके, ताकि उनके सोचने और समझने की क्षमता का विस्तार हो।

### कीटनाशक पीने से गंभीर विवाहिता की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम सायर भेड़िया निवासी रूपनी बाई पति छोटे लाल कोरवा (19 वर्ष) 4 जनवरी को जब पति गांव में काम करने गया था तभी विवाहिता ने अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली। इधर जब पति घर लौटा तो पत्नी को उल्टी करते देख पूछताछ की तो पत्नी ने कीटनाशक पी लेने की बात बताई। परिजन उसे बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने विवाहिता की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### 9500 में से मिले 7467 अंक, जारी किया गया परिणाम

# स्वच्छता सर्वेक्षण के नेशनल रैंकिंग में नगर निगम चौथे से खिसककर पहुंचा 27वें स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- सर्टिफिकेशन में सर्वाधिक 1050 अंकों का नुकसान

देश को स्वच्छता का मॉडल देने वाला नगर निगम अंबिकापुर इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण की नेशनल रैंकिंग में चौथे से खिसककर 27वें स्थान पर पहुंच गया है। आज जारी किए गए स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के परिणाम में नगर निगम को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। स्टार रेटिंग में आई गिरावट के कारण ननि को 1050 अंकों का नुकसान उठाना पड़ा और यही वजह है कि नगर निगम की स्वच्छता रैंकिंग भी गिर गई है। पहले शहर में 5 स्टार सिटी का तमगा गवाया और अब नेशनल रैंकिंग में आई गिरावट से शहरवासियों के साथ ही निगम अमले में मायूसी छाई हुई है। अब अधिकारी व जनप्रतिनिधि कमियों की समीक्षा करने के साथ ही एक बार फिर से अपना मुकाम हासिल करने की बात कह रहे है लेकिन वर्तमान में शहर की जो स्थिति है उसमें पुनः अपने स्थान को हासिल करने के लिए निगम को खासी मशक्कत करनी पड़ेगी। बता दें कि भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा देशभर में निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण की प्रतियोगिता कराई गई थी।

इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की प्रतियोगिता में सर्वेक्षण, सर्टिफिकेशन के लिए समय समय पर क्यूसीआई की टीम सर्वे करने के लिए पहुंची और सर्वे में दिए गए अंकों के आधार पर आज दिल्ली में आयोजित समारोह के दौरान राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू की मौजूदगी में परिणामों की घोषणा की गई। हालांकि नगर निगम के सीएफसी सर्टिफिकेशन का परिणाम हाल ही में जारी कर दिया गया था जिसमें यह साफ हो गया था कि निगम का 5 स्टार सिटी का तमगा छिन गया है और निगम अब 3 स्टार सिटी में शामिल हो गया है लेकिन आज परिणाम जारी होने के बाद निगम को नेशनल रैंकिंग में भी नुकसान उठाना पड़ा है। स्वच्छता सर्वेक्षण में निगम कभी नेशनल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर था और फिर वर्ष 2022 में खिसककर चौथे स्थान पर पहुंचा लेकिन इस बार जारी किए गए सर्वेक्षण के परिणाम के बाद निगम 23 पायदान गिरकर नेशनल रैंकिंग में 27वें स्थान पर पहुंच गया है। इस निराशाजनक परिणाम के बाद शहरवासियों के साथ ही निगम अमले, स्वच्छता दीदियों में मायूसी है।



शहर में जागरूकता अभियान चलाती स्वच्छता दीदियां।

### फिर से हासिल करेंगे मुकाम

हम लगातार शहर के सड़कों, सौंदर्यीकरण व अन्य विकास कार्यों को लेकर मांग करते थे। सड़कों के निर्माण व सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण हमें नुकसान उठाना पड़ा। सर्वेक्षण के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों को भी दूसरे कार्यों में व्यस्त करके रखा गया लेकिन हम जनता के सहयोग से अब तक ऊंचाइयों पर रहे है और एक बार फिर से जनता के सहयोग से ही पुनः अपने मुकाम को हासिल करेंगे। जो भी कमियां रह गई है उन्हें दूर करने के लिए पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा और शहर की आवश्यकताओं को पूर्ण कर फिर से अपनी रैंकिंग हम हासिल करेंगे।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर ननि

### इन कार्यों से बची 3 स्टार की रैंकिंग

स्वच्छता सर्वेक्षण की श्रेणी में कचरे का डोर टू डोर कलेक्शन, प्रोसेसिंग, सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालय, नाली, सड़कों पर झाड़ू, व्यावसायिक क्षेत्रों में सफाई, उद्यान की सफाई, यूजर चार्ज कलेक्शन, कचरे का विक्रय, एसएलआरएम का निरीक्षण, एफएसटीपी, खाद निर्माण सहित अन्य कार्य आते है। निगम का एसएलआरएम मॉडल देशभर में लागू है और शहर में भी एसएलआरएम मॉडल अच्छी तरह से कार्य कर रहा है। यही वजह है कि निगम को इन कार्यों, ओडीएफ प्लस-प्लस व जनता के फीडबैक की बदौलत 3 स्टार रैंकिंग बरकरार रही और निगम को सर्वेक्षण में अच्छे अंक मिले अन्यथा निगम का 3 स्टार का तमगा भी छिन गया होता।

### इन कमियों के कारण उठाना पड़ा नुकसान

स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान सर्टिफिकेशन की श्रेणी में मूल कार्यों के साथ ही स्टार रेटिंग व वाटर प्लस के लिए रोड मार्किंग, चौक चौराहे, फुटपाथ, उद्यान, नगर सौंदर्यीकरण, तालाब, अंडरग्राउंड सीवरेज जैसे घटक शामिल है। नगर निगम को वाटर प्लस शहर का दर्जा नहीं मिल सकता क्यों कि यहां अंडरग्राउंड सीवरेज नहीं है लेकिन बाकी सड़कों की सुंदरता, अन्य सौंदर्यीकरण के कार्यों की बदौलत निगम को 5 स्टार रैंकिंग मिल सकती थी। रैंकिंग में आई 1050 अंकों की गिरावट के कारण निगम की नेशनल रैंकिंग गिर गई। हालांकि इसके पीछे जो मुख्य कारण निकलकर सामने आई है उसके मुताबिक सर्टिफिकेशन की टीम चुनाव के दौरान आई थी और उस समय निगम के अधिकारी व सफाई कर्मी चुनाव कार्य में व्यस्त थे। चुनाव के दौरान क्यूसीआई की टीम ने एक नहीं बल्कि पांच बार शहर का निरीक्षण किया और खुद क्यूसीआई के आला अधिकारी शहर पहुंचे। अधिकारियों के चुनाव में व्यस्त रहने के कारण शहर में विशेष ध्यान नहीं दिया जा सका और इसका खामियाजा रैंकिंग गंवाकर चुकाना पड़ा।

### कई परिणाम नहीं हुए जारी

इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम भी अजीबोगरीब ढंग से जारी किए गए है। जारी किए गए परिणाम में निकायों की श्रेणी पर ध्यान दें तो इस बार परिणाम सिर्फ 1 लाख से कम आबादी वाले निकाय और 1 लाख से अधिक आबादी वाले निकायों के बीच जारी किए गए है। जबकि पिछले वर्ष तक नगर निगम को 1 से 3 लाख की आबादी वाले शहर में रखा जाता था। 1 लाख से अधिक आबादी वाले निकायों में देश के कई बड़े महानगर भी शामिल हो गए है जिनसे संसाधनों के आधार पर अंबिकापुर कभी मुकाबला नहीं कर सकता है। वर्ष 2022 में नगर निगम अंबिकापुर की नेशनल रैंकिंग 4 थी जबकि 1 से 3 लाख की आबादी वाले शहरों में निगम 2रे स्थान पर था। इसके साथ ही निगम को गोल्ड अनुपम के साथ ही इंडियन स्वच्छता लीग में प्रथम स्थान मिला था। इस बार भी सर्वेक्षण के दौरान इंडियन स्वच्छता लीग, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, आरआरआर जैसे कार्यक्रम कराए गए और इनमें निगम ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन इन घटकों को लेकर भी कोई स्पष्ट जानकारी परिणाम में नजर नहीं आई। ऐसे में यदि पिछले वर्ष के परिणाम के आधार पर 1 से 3 लाख की आबादी वाले शहरों की तुलना की जाए तो इस वर्ष भी निगम को जितने अंक मिले है उससे निगम अपनी श्रेणी में 4थे स्थान पर है।

### प्रतियोगिता में मिले 7467 अंक

भारत सरकार द्वारा कराया गया इस बार का स्वच्छता सर्वेक्षण 9500 अंकों का था। प्रतियोगिता में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए 4830, सर्टिफिकेशन के लिए 2500 व सिटीजन फीडबैक के लिए 2170 अंक निर्धारित किए गए थे। प्रतियोगिता में नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम को कुल 7467 अंक मिले है जबकि निगम के कुल 2033 नंबर कटे है। इस बार निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण में 4148, सर्टिफिकेशन में 1450 व सिटीजन फीडबैक में 1869 अंक मिले है। वहीं अगर वर्ष 2022 के अंकों की बात की जाए तो पिछली बार की प्रतियोगिता 7500 अंकों की थी जिसमें से निगम को 6365 अंक मिले थे। आंकड़ों पर नजर डाले को नगर निगम के स्वच्छता सर्वेक्षण और सिटीजन फीडबैक में इतने अंक हमेशा से कटते रहे है लेकिन सर्टिफिकेशन में सीधे 1050 अंकों का नुकसान निगम को भारी पड़ गया है। 5 स्टार से 3 स्टार शहर की रैंकिंग मिलने के बाद निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण में भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

# सहकर्मी ने कॉल फॉरवर्ड कर की मोबाइल की ऑनलाइन शॉपिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- ठगी के आरोप में युवक गिरफ्तार, फोन पे का आईडी पासवर्ड हासिल कर दिया ठगी को अंजाम

अपने ही साथी के मोबाइल फोन के कॉल को फॉरवर्ड कर और फोन पे की आईडी पासवर्ड हासिल कर 80 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने सहकर्मी के फोन पे के माध्यम से एप्पल आईफोन व वन प्लस का मोबाइल फोन ऑनलाइन खरीद लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से दोनों मोबाइल फोन भी बरामद करने में सफलता हासिल की है। लखनपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम जोधपुर निवासी 25 वर्षीय विजय कुमार राजवाड़े आ. रामनंदन राजवाड़े ने पुलिस से शिकायत की थी कि उसका एसबीआई खता मोबाइल नंबर से लिंक है। कुछ दिनों पूर्व उसके मोबाइल में तकनिकी खामी आने पर वह जिओ केयर में मोबाइल को दिखाने के लिए गया हुआ था। इस दौरान जिओ केयर के कर्मचारियों ने बताया कि उसके मोबाइल का कॉल फॉरवर्ड किया गया है। इसी बीच शंका के आधार पर जब उसने अपने खाता की जांच कराई तो खाते से 80 हजार 162 रुपए की ऑनलाइन शॉपिंग फ्लिपकार्ट ऐप के माध्यम से किए जाने की जानकारी सामने आई। अपने साथ हुई ठगी की शिकायत युवक ने पुलिस से की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी सुनील शर्मा ने जांच के निर्देश दिए थे। एएसपी पुपलेश कुमार, एसडीओपी ग्रामीण अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में पुलिस व साइबर सेल की टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने लखनपुर रजवारपारा निवासी 23 वर्षीय भारत आ. मोतीलाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने पूर्व में एक व्यक्ति से 3 हजार रुपए में एक मोबाइल फोन व सिम लिया था और उस मोबाइल नंबर पर किसी अन्य व्यक्ति के नाम से फ्लिप कार्ट ऐप का अकाउंट बनाकर रखा था। इसी बीच आरोपी के पास उसका सहकर्मी विजय राजवाड़े पहुंचा और जान पहचान होने के नाते विजय राजवाड़े ने उसे अपना मोबाइल फोन दे दिया। विजय के मोबाइल पर आरोपी ने फोन पे का आईडी पासवर्ड दिया था और उक्त फोन पे आईडी पासवर्ड की जानकारी आरोपी को थी। इसी दौरान उसने विजय राजवाड़े के मोबाइल फोन से कॉल फारवर्ड कर दिया और फोन पे के माध्यम से 1 एप्पल आईफोन व 1 वन प्लस मोबाइल फोन फ्लिप कार्ड से खरीद लिया। कॉल फॉरवर्ड होने के कारण इस ठगी की भनक विजय राजवाड़े को नहीं लग पाई। पुलिस ने आरोपी के पास से दोनों मोबाइल फोन को बरामद करने के साथ ही आरोपी को धारा 420, 41 (ए) सीआरपीसी व 66(डी) आईटी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में लखनपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक शुभम तिवारी, एएसआई संदीप सिंह, आरक्षक जानकी राजवाड़े, देवेंद्र सिंह व अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।



# तातापानी महोत्सव का शुभारंभ करेंगे सीएम विष्णुदेव साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर/रामानुजगंज

- ट्राइबल फैशन वॉक, अबुझमाड़ मलखंब की होगी प्रस्तुति
- उदित नारायण, निरहुआ भी होंगे करेंगे मनोरंजन

मकर संक्रांति के अवसर पर तातापानी में होने वाले भव्य महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। सीएम श्री साय 14 जनवरी को तातापानी महोत्सव का शुभारम्भ करेंगे। इसके साथ ही महोत्सव में इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 10 के विनर प्रतिभागी अबूझमाड़ मलखंब का प्रदर्शन करेंगे। महोत्सव में ट्राइबल फैशन वॉक व स्थानीय कला संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी जबकि बॉलीवुड सिंगर उदित नारायण, भोजपुरी गायक निरहुआ कार्यक्रम में चार चांद लगाएंगे। तातापानी महोत्सव को लेकर कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह व जिपं सीईओ श्रीमती रेना जमील ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में 14 से 16 जनवरी तक तातापानी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 14 जनवरी को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया जाएगा। तीन दिवसीय महोत्सव में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आमंत्रित कलाकार भी अपनी कला की प्रस्तुति देगें। साथ ही कार्यक्रम में आदिवासी परंपरा तथा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ट्रायबल फैशन वॉक के साथ आदिवासी नृत्य का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही शिव प्रतिमा प्रांगण में लेजर शो के माध्यम से दो दिवसीय प्रदर्शनी की जाएगी। महोत्सव में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्य झारखण्ड, बिहार और उत्तर प्रदेश के लोग बड़ी संख्या में शामिल होते हैं, जिनके लिए जिला प्रशासन के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। तातापानी महोत्सव की तैयारियों को तेजी से अंतिम रूप देने के साथ ही रंग-रोगन, स्थल की साफ सफाई और परिसर को नया स्वरूप दिया जा रहा है। तातापानी महोत्सव के पहले दिन 14 जनवरी को छत्तीसगढ़ के प्रख्यात गायक सुनील सोनी एवं टीम के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 10 के विनर प्रतिभागी अबुझमाड़ मलखंब टीम के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। दूसरे दिन 15 जनवरी को बॉलीवुड के फेमस गायक उदित नारायण के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। 16 जनवरी को जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा तथा पण्डो को तातापानी भ्रमण कार्यक्रम एवं सम्मेलन आयोजित कर मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही महोत्सव के समापन अवसर में भोजपुरी कलाकार दिनेश लाल निरहुआ अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आखिरी दिवस सभी आयु वर्ग में प्रतिभागी ट्राइबल फैशन वॉक से स्थानीय कला व संस्कृति की झलक प्रदर्शित करेंगे।





**खबर संक्षेप**

## मुख्य सचिव कल लेंगे वीसी माध्यम से बैठक

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन के मुख्य सचिव अमिताभ जैन 13 जनवरी को दोपहर 12 बजे धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी, धान का उठाव, अवैध धान परिवहन, सीमावर्ती राज्यों से अवैध धान परिवहन,अवैध भंडारण, बारदाना की उपलब्धता, नान व एफसीआई में कस्टम मिलिंग चावल जमा की प्रगति के संबंध में जिले के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करेंगे। विदित हो कि समर्थन मूल्य में धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी है, ऐसे में मुख्य सचिव शेष दिनों में धान आवक की भी समीक्षा करेंगे। वहीं कोचियों, बिचौलियों को रोकने व की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी अधिकारियों से लेंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह लगातार धान खरीदी केन्द्रों का जायजा ले रहे हैं, वहीं लापरवाही बरतने वाले कर्मियों को हटाया भी जा रहा है तथा शोकाज नोटिस भी जारी की गई है। जिला प्रशासन व राजस्व अधिकारियों द्वारा अवैध धान परिवहन की सूचना मिलते ही अवैध धान व वाहन को जब्त कर कार्रवाई भी की गई है।

## नए सत्र में फिर महंगी होंगी स्कूली पुस्तकें

**बैकुण्ठपुर।** अप्रैल माह से इंग्लिश मीडियम स्कूल का सत्र शुरू हो जाता है, अभी अप्रैल माह आने में लगभग 3 महीने का समय है पर निजी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में प्राइवेट पुस्तक प्रकाशकों के एजेंट का डेरा जमना शुरू हो गया है। पुस्तक प्रकाशक के एजेंट अधिकतर प्राइवेट स्कूल प्रबंधन को बहुत मोटी रकम देकर महंगी-महंगी पुस्तक स्कूल में लगवाते हैं और स्कूल प्रबंधन भी कमीशन के लालच में महंगी किताबें लगाने से कोई परहेज नहीं करता है। प्राइवेट स्कूलों के बच्चे, अभिभावक के ऊपर कितना भारी बोझ क्यों ना पड़े, उससे स्कूल प्रबंधक एवं निजी प्रकाशकों को कोई फर्क नहीं पड़ता। इस गंभीर मामले में पिछले वर्ष शिक्षा सत्र शुरू होने के पहले पुस्तक विक्रेताओं के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी से महंगी पुस्तकों को लेकर के शिकायत की गई थी, पर स्कूल प्राइवेट स्कूल प्रबंधन को आज तक कोई भी नोटिस जारी नहीं किया गया, कुछ महीने बाद इंग्लिश मीडियम का शिक्षा सत्र शुरू हो जाएगा।

## संभाग स्तरीय योग शिविर 14 को

**बैकुण्ठपुर।** भारत स्वाभिमान न्यास कोरिया, पतंजलि योग समिति महिला पतंजलि समिति, युवा भारत किसान सेवक समिति देवराहा बाबा सेवा समिति व अन्य संगठनों के द्वारा मकर सक्रांति के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस संबंध में पतंजलि योग समिति के पदाधिकारी पंडित अनिल शर्मा ने बताया कि योग ऋषि स्वामी रामदेव के निर्देशानुसार उनके शिष्य मुख्य केन्द्रीय प्रभारी स्वामी डॉ. परमार्थ देव महाराज का एक दिवसीय कोरिया आगमन आगामी 14 जनवरी को हो रहा है।

### अमृतधारा क्षेत्र में चल रहा अवैध उत्खनन का खेल

# ट्रैक्टर पलटा, दबकर चालक की मौत


दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर।


अवैध उत्खनन के बाद का नजारा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/नागपुर

एमसीबी जिले के नागपुर पुलिस सहायता केन्द्र अंतर्गत एक टैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सूचना पर पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया ,वहीं मृतक के शव को अस्पताल पीएम के लिए भेज दिया गया, जहां दूसरे दिन पीएम कराकर शव परिजन को सौंप दी। दूसरी ओर इन दिनों अमृतधारा इलाके में अवैध उत्खनन का खेल जमकर चल रहा है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घटना दिवस बुधवार की रात्रि में नागपुर पुलिस सहायता केन्द्र अंतर्गत ग्राम दर्रीटोला निवासी ट्रैक्टर चालक धीरन गोंड़ पिता भूलन उम्र 36 वर्ष ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 16 सीएल 6294 से मिट्टी परिवहन करते वक्त ग्राम धानापारा स्थित इंट भट्टे से कुछ ही दूरी पर खेत में उक्त ट्रैक्टर का इंजन वाला हिस्सा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे कि चालक ट्रैक्टर के इंजन में दब गया, इससे उसकी मौत हो गई। यह घटना बुधवार की रात्रि लगभग 11 बजे घटित हुई। मामले की सूचना पुलिस को मिलने पर मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया, जहां दूसरे दिन मृतक का पीएम कराकर शव परिजन को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलने पर मौके पर सीएसपी चिरमिरी भी पहुंच कर मौका मुआवना कर मामले को विवेचना में लिया। वहीं इस मामले में मृतक के पिता भूलन ने साक्ष्य का लीपापोती करने का संदेह जताया है।

### जोरों से चल रहा अवैध उत्खनन का खेल

जिले के कई इलाकों में अवैध रेत और कोयला उत्खनन का खेल जारी है। अमृतधारा क्षेत्र से रेत उत्खनन किया जा रहा है। देर रात से लेकर अलसुबह तक नागपुर के रास्ते चिरमिरी आसपास के क्षेत्र में रेत परिवहन कर खपाया जा रहा है। महाराजपुर इलाके और चिरमिरी के कई क्षेत्रों में जंगल के बीच से कोयला उत्खनन भी जोरो पर है। बैकुण्ठपुर से चिरमिरी जाने वाले मार्ग पर बंजारीडांड़ के जंगल में भी बड़ी मात्रा में रेत उत्खनन किया जा रहा है। प्रशासन भी इन रेत और कोयला माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने से डर रहा है।


जीप में रखा चालक का शव।

### परिवहन के दौरान घटना

जानकारी के अनुसार अमृतधारा रिजर्व फारेस्ट से कोयले का अवैध उत्खनन एवं परिवजन का कार्य लंबे समय से नागपुर कोल माफिया द्वारा कराया जाता है, इसके लिए देर रात्रि कोल परिवहन होता है। जानकारी के अनुसार अमृतधारा रिजर्व फॉरेस्ट से अवैध रूप से कोयले का उत्खनन कर धानापारा दर्रीटोला नागपुर स्थित ईंट भट्टे में सप्लाई करने के लिए उक्त ट्रैक्टर का उपयोग किया गया था और परिवहन के दौरान ट्रैक्टर रात्रि में अनियंत्रित होकर पलट गई, इसके बाद ट्रैक्टर ट्राली में लोड अवैध कोयले को जेसीबी से दूसरे वाहन में लोड कर कोयले को ले जाया गया और दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर ट्रॉली में मिट्टी भर दी गई, जिससे पता चले कि मिट्टी परिवहन करते वक्त ट्रैक्टर पलटा।

### पीएम के लिए शव जीप में ले गए

ईंट भट्टे में ट्रैक्टर पलटने के बाद व्यक्ति की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के लिए मृतक के शव को जीप में डालकर ले जाया गया। दरअसल पुलिस जांच के बाद मृतक के शव को कथित रूप से कपड़े में लपेटकर और उठाकर सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद शव को जीप में सीट के नीचे रखकर पोस्टमॉर्टम के लिए मनेन्द्रगढ़ ले जाया गया। शव के साथ इस तरह के व्यवहार का लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है।



कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसी।

# शास्त्री ने पूरा जीवन देश सेवा के लिए किया समर्पितः शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ जिला कांग्रेस कार्यालय के राजीव भवन में आयोजन

देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर 11 जनवरी को जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने शास्त्री जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

शास्त्री जी के द्वारा राष्टहित पर उनकी देश की सेवा त्याग बलिदान के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला ने कहा कि भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी अपना पूरा जीवन देश सेवा में समर्पित कर दिया। सादा जीवन उच्च विचार के मार्गदर्शी सिद्धांत को उन्होंने आजीवन अपनाया और लोगों के लिए मिशाल प्रस्तुत की। सशक्त भारत के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है। शास्त्री जी ने भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महत्वपूर्ण आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी निभाई। कई बार जेल भी गए। उनके जय जवान-जय किसान के नारो ने जवानों के बलिदान के साथ अन्नदाता किसानों की मेहनत को भी सम्मान दिलाया। शास्त्री जी की जीवन मूल्य बाते सबको सदा प्रेरित करती रहेंगी। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, बृजवासी तिवारी, रामकृष्ण साहू, साहेब सिंह, अजय सिंह, बिहारी राजवाड़े, सुरेन्द्र तिवारी, विकास श्रीवास्तव, धीरज सिंह, पप्पू, विजय कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वाहन सावधानी, जिम्मेदारी के साथ चलाएंः जमुना

**बैकुण्ठपुर।** हम सबके ऊपर बहुत जिम्मेदारी होती है कि समय पर अधिकारियों के पास वाहन लेकर पहुंच जाएं। यह बात छग शासकीय वाहन चालक व यांत्रिकी कर्मचारी संघ द्वारा प्रकाशित कलेंडर विमोचन के दौरान कोरिया जिले के वाहन चालक संघ के अध्यक्ष जमुना प्रसाद राजवाड़े ने साझा की।

श्री राजवाड़े ने बताया कि कलेंडर विमोचन रायपुर में प्रांताध्यक्ष मनीष ठाकुर के नेतृत्व में किया गया है। श्री राजवाड़े ने सभी वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि कार्यालयीन जिम्मेदारी के दौरान वाहन हमेशा सावधानी के साथ चलाएं साथ ही किसी भी हालत में नशा करके वाहन बिल्कुल भी न चलाएं। हम सब शासकीय वाहन चालकों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती हैं, क्योंकि वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर लाने-ले जाने, दौरा करना होता है। ऐसे में हम सबको हरदम चौकन्ना रहकर वाहन चलाना होता है। वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें साथ ही वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें।


विमोचन में शामिल संघ के लोग।

# सड़क पर बहता है गंदा पानी, जिम्मेदार मौन

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका क्षेत्र बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 8 चेर में बरसात और नाली का पानी मुख्य सड़क पर बहने और जमा रहने से लोगों को आने-जाने में भारी मुसीबत झेलनी पड़ रही हैं। नाली जाम रहने से सड़क के ऊपर भी गंदा पानी बह रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां रोड के किनारे पुलिया बना हुआ है, इसमें दो से तीन घरों का पानी जमा होता है। यहां एक व्यक्ति के द्वारा मिट्टी काटने से नाली और पुलिया जाम हो गया है, इस वजह से नाली का पानी में रोड पर बहने लगा है। लोगों के घरों का गंदा पानी सड़क पर फैला रहता है। बरसात होने पर और भी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने इसकी कई बार शिकायत की, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिला। घरों का गंदा पानी सड़क पर बहने से लोग परेशान हैं। सड़क पर बह रहे गंदे पानी से होकर आने-जाने को विवश हैं। गुहार लगाने के बाद भी सफाई नहीं कराई जा रही है। लोगों की शिकायत सामने आने के बाद वार्ड पार्षद बॉबी ने भी सीसी नाली निर्माण के लिए नपा अध्यक्ष को पत्र लिखा था, लेकिन बताया जा रहा है कि नाली निर्माण की जमीन में होना था, उसके मालिक को आपत्ति होने से यह काम रुका हुआ है। लोगों का कहना है कि यहां निस्तार का पानी गड्ढे में जमा रहता है।


सड़क पर बह रहा घरों का पानी।

## एक दिया कौशल्या के राम के नाम

**मनेन्द्रगढ़।** भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से प्रदेशवासियों से राम मंदिर उद्घाटन के दिन एक दिया कौशल्या के राम के नाम छग के भांचा प्रभु श्रीराम के नाम जलाने की अपील की है। श्रीमती सिंह ने अपने लिखा है कि, प्रभुश्री राम ने छग में जहां से अपने पांव पखारे, वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम और माता सीता के छग में पहले कदम भरतपुर-सोनहत विधानसभा में पड़े और यह भूमि पुण्य भूमि हो गई। मेरा सौभाग्य है कि वहां की जनता ने मुझे आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन से अपने आस-पास के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाएं। 22 जनवरी ऐतिहासिक दिन बनने जा रहा है। प्रभु श्रीराम का स्वागत अपने-अपने घरों में दीप जलाकर करें।

# कोरिया लिजेंड ने फाइनल में किया कब्जा

**कोरिया कॉलरी।** बीते लंबे समय से क्रिकेट प्रतियोगिता का सूखा पड़ने वाले कोरिया कॉलरी का एनएससी मैदान जहां शीतकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, इसमें कोरिया और गोदरीपारा की टीम फाइनल में पहुंची।

कोरिया के कप्तान सनी सिंह ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया, जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी गोदरीपारा की टीम ने शुरूवाती आक्रमण करते हुए तेजी से रन बनाया, मगर उसके दो बल्लेबाज जल्द ही पवेलियन लौट गए। निर्धारित 10 ओवरो में कुल 116 रन बनाकर कोरिया टीम को 117 का चुनौती दी, इसके जवाब में कोरिया की शुरूवात धीमी रही ,मगर मिडिल आर्डर के बल्लेबाजों ने जमकर सूझबूझ से बल्लेबाजी करते हुए मजबूत साझेदारी कर मैच में अपनी पकड़ बनाई और अंतिम एक गेंद रहते शानदार रोमांचक जीत अपने नाम किया। इस मैच का आनंद लेने दर्शकों की भीड़ भारी तौर पर जुटी रही। फाइनल मैच में पूर्व नगर पालिक निगम चिरमिरी के महापौर डमरू बेहरा ने सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। गौरतलब है कि विजेता टीम को 11000 हजार रूपए नगद तथा ट्रॉफी से सम्मानित किया गया और उपविजेता टीम को 5500 हजार रूपए और ट्रॉफी से नवाजा गया। मैन ऑफ द मैच एमरोस तिर्की और मन ऑफ सीरीज का इनाम बंटी दास को चुना गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में कमेटी की ओर से प्रत्यूश सिंह ,अंकित, तौशिफ एसनी सिंह, ओम वर्मा, सानिया, राहुल, सुमित व शाहिल का योगदान रहा। इन सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग शैली को दर्शकों ने खूब सराहा। यहां एनएससी मैदान में इसी तरह से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होता रहेगा।


ट्रॉफी के साथ विजेता खिलाड़ी।

## सूने मकान में चोरी, टीवी प्रिंटर के साथ राशन भी ले उड़े चोर

**बैकुण्ठपुर।** पोंड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल अधिकारी के सुने मकान में अज्ञात चोर ने हाथ साफ कर लिया। मकान से कीमती इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के साथ घर में रखे हैं, राशन की चोरी को भी अंजाम दिया गया है। जानकारी के अनुसार मामला पोंड़ी थाना क्षेत्र के एसईसीएल कॉलोनी का है, जहां जीएम काम्पलेक्स ऑफिस में एसईसीएल के अधिकारी एस बेहरा 6 जनवरी को अपने घर उड़ीसा गए हुए थे। अधिकारी ने अपने घर की देख-रेख की जिम्मेदारी एसईसीएल के प्राइवेट कर्मचारी संतोष नायक को दी थी। संतोष के द्वारा हर दिन मकान की देखरेख की जा रही थी। 11 जनवरी की रात 10 बजे भी वह मकान को देखकर गया था। रात्रि 3 बजे ड्यूटी से वापस आने के बाद जब संतोष ने मकान का ताला खोलकर अंदर जाकर देखा तो किचन और बेडरूम के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। शिकायत में बताया गया कि घर की रोशनदान को तोड़कर कोई अज्ञात अंदर प्रवेश कर गया था।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), वाड्रफनगर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता नगर पंचायत वाड्रफनगर तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) को ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सरोज कुशवाहा पति अरूण कुशवाहा जाति कोईर निवासी नगर पंचायत वाड्रफनगर तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) के द्वारा नगर वाड्रफनगर स्थित अपने अधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि ख.न.721/3, 721/4, 721/5, रकबा क्रमशः 0.038, 0.056, 0.192 कुल रकबा 0.286 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो दिनांक 24/01/2024 तक इस न्यायालय में लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है, समय-सीमा के बाद के आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
वाड्रफनगर
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसिन विभाग, नेत्र रोग विभाग, दंत रोग विभाग, स्त्री रोग, चर्म रोग विभाग, सर्जरी विभाग, शिशु रोग, हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 13.01.2024 से 04.02.2024 डॉ. रितेश सिंह MBBS, DCMH, CCPM (NIMHANS Bangalore) मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
दिनांक - 14.01.2024 रविवार डॉ.तुषार जैन MBBS, MD (पल्मोनरी मेडिसिन) डॉ. नरेश देवांगन MBBS, MS, MCH Neurosurgeon (Brain & Spine Surgery)
गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन M.B.B.S, M.D. (पल्मोनरी मेडिसिन) (सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वांस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दिनाँक - 14 जनवरी, 2024 दिन - रविवार, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 जनवरी 2024 दिन - शुक्रवार डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर - मो. 7898942870
समय - सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

फार्म भरें
नेशनल ओपन स्कूल द्वारा N.I.O.S./ CBSE समकक्ष पाठ्यक्रम
कक्षा 10, 12 वीं
परिक्षाएं हर 6 माह में (माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी)
GEETA PUBLIC ENGLISH MEDIUM SCHOOL
केदारपुर, अंबिकापुर
Mo. 8120982790

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 जनवरी, 2024
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थानः संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नया बस स्टैंड, गोधनपुर, अंबिकापुर

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अंबिकापुर Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

हृदय रोग ओपीडी आपके शहर अंबिकापुर में
नारायणा हेल्थ, रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ. एस.एस. पाढ़ी वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
13 जनवरी 2024 शनिवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर (छ.ग.)
मो. 9617247433, 9713667433

माहवारी के समय दर्द, असमय एवं अनियमित माहवारी, पेशाब में जलन, सफेद पानी, गर्भाशय में गठान, बाल झड़ना, चेहरे में मुंहासे, पुराना एग्जिमा एवं महिलाओं के समस्त रोगों का 100% प्राकृतिक और सफल होमियोपैथी उपचार के लिए संपर्क करें।
समय सुबह 08.00 बजे से 12.00 pm
दोपहर 02.00pm से रात 07.00 बजे तक।
डॉ. अमरीन फिरदौसी BHMS, MSC Nutrition
होमियोपैथी विशेषज्ञ एवं आहार विशेषज्ञ
शालीमार कालोनी, नवागढ़, महामाया मंदिर के पास, अंबिकापुर, 9179454786, 9753214959

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसिन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: 9406004581
बिलासपुर: 7869048192
जड़ से इलाज
L4-L5 नसों में दबाव, घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द

## खबर संक्षेप

### दो निरीक्षक समेत 17 पुलिसकर्मियों का सूरजपुर एसपी ने किया तबादला

**बिश्रामपुर।** प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद सूरजपुर जिले के विभिन्न थाना चौकियों में नए सिरे से प्रभारियों की नियुक्ति होनी है। हाल ही में बड़ी संख्या में आईएएस अधिकारियों का तबादला आदेश जारी हुआ था इसके बाद अब पुलिस अधिकारियों की भी काफ़ी संख्या में ट्रांसफर होने की प्रबल संभावना है ।इस प्रक्रिया से ठीक पहले सूरजपुर एसपी आई कल्याण एलिसेला ने बुधवार की देर शाम दो निरीक्षक ,दो उपनिरीक्षक समेत कुल सत्रह पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का तबादला कर उन्हें नई जगहों पर तैनाती दे दी है।इसमें आधा दर्जन प्रभारी भी प्रभावित हुए हैं। जारी की गई ट्रांसफर सूची में निरीक्षक जे एन कंवर थाना प्रभारी चांदनी से थाना प्रभारी प्रेमनगर,निरीक्षक नरेंद्र सिंह थाना प्रभारी प्रेमनगर से पुलिस लाइन सूरजपुर,उप निरीक्षक संतोष सिंह थाना सूरजपुर से पुलिस लाइन,प्रदीप सिदार चौकी प्रभारी करंजी से थाना सूरजपुर, ए एस आई विराट बिशी प्रभारी जीविशा से चौकी प्रभारी करंजी, एएसआई संजय सिंह थाना सूरजपुर से प्रभारी जीविशा, ए एस आई के के पाठक चौकी मोहरसोप से सूरजपुर,बिरजू पांडेय चौकी प्रभारी खड़गवां से चौकी प्रभारी तारा, एएसआई योगेंद्र जायसवाल चौकी प्रभारी तारा से प्रभारी खड़गवां, ए एस आई नंदलाल सिंह को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी मोहरसोप तैनात किया गया है।इनके अलावा प्रधान आरक्षक दीपक चौधरी पुलिस लाइन से थाना बिश्रामपुर,हीरालाल बखला चेन्द्रा से थाना भटगांव,आरक्षक धनंजय साहू रामकोला से प्रेमनगर,हितेंद्र कुमार जयनगर से यातायात,राजूराम रजक ओडगी से थाना भटगांव , विष्णु यादव चेंद्रा से चौकी करंजी,संजय मिंज सूरजपुर से थाना जयनगर में तैनाती दी गई है।

### क्वीज कॉम्पीटिशन में आइंस्टीन हाउस बना विजेता



**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में गुरूवार को इन्टर आउस क्वीज कॉम्पीटिशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आइंस्टीन हाउस तथा टैगोर हाउस में काटे का मुकाबला हुआ और विभिन्न राउन्ड में 39 अंक अर्जित कर आइंस्टीन हाउस विजयी घोषित हुआ। हाउस का प्रतिनिधित्व कक्षा 11वीं के आदर्श गुप्ता, दीपक केशरी, संकेत सोनी और आदित्य तिवारी ने किया वहीं 33 अंक लेकर उपविजेता का खिताब टैगोर हाउस ने प्राप्त किया जिसका प्रतिनिधित्व कक्षा-11वीं के स्नेहा राय, वैभव चक्रवर्ती, अमन पोपटानी और पुष्कर सिंह ने किया। प्राचार्य डॉ.आईण.ए.खान सूरी ने विजयी हाउस को प्रोत्साहित कर विद्यार्थियों के उज्वलल भविष्य की कामना की।

### कलेक्टर ने लीड बैंक मैनेजर की उपस्थिति में विभिन्न विभागों की ली बैठक



**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने बैंक लिंकेज व क्रेडिट लिंकेज जैसी समस्या के समाधान व विभिन्न विभागों के साथ शासन के योजनाओं में बैंक से हो रही समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में लीडिंग बैंक मैनेजर की उपस्थिति में संबंधित विभागों की बैठक ली। जिसमें मत्स्य, कृषि, पशुपालन, ग्रामीण बैंक, अंत्यावसायी, ट्रेजरी, एनआरएलएम इत्यादि सम्मिलित थे। कलेक्टर ने लीडिंग बैंक मैनेजर को स्पष्ट किया कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन बिना किसी बाधा के होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए बैंक सभी विभागों के साथ समन्वयन स्थापित करें ताकि केंद्र और राज्य दोनों की योजनाओं को बेहतर तरीके से क्रियान्वित किया जा सके। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केसीसी, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, एपीवाई की प्रगति को बैंको द्वारा पोर्टल में समयबध्द एंट्री करने के दिशा निर्देश भी एलडीएम को दिए। साथ ही एलडीएम को बैंक शाखाओं में कैम्प लगाकर आधार सीडिगं के लिए निर्देशित किया गया ताकि डीबीटी और केसीसी के आंकड़ो को बेहतर किया जा सकें।

### प्रशासनिक टीम ने जब्त किया 90 बोरी अवैध रूप से भण्डारित धान

**रामानुजगंज।** शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन के लिए धान खरीदी शुरू हो चुकी है। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने सभी निगरानी दलों, नोडल तथा राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि धान के अवैध परिवहन एवं संग्रहण पर लगातार कार्रवाई करे तथा वास्तविक कृषकों से ही धान खरीदी की जाए। उपार्जन केन्द्रों में कृषकों के लिए सभी जरूरी व्यवस्था हो ताकि वे सुगमता से धान का विक्रय कर सके। कलेक्टर के निर्देशानुसार राजस्व व पुलिस विभाग की टीम द्वारा ग्राम चंद्र नगर में 40 बोरी अवैध रूप से भंडारित धान जब्त किया। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा झारखंड से लाकर ग्राम करचा के जंगल में भण्डारित 50 बोरी अवैध धान को जब्त कर चांदो थाना को सुपुर्द किया गया।

## निधन

### बलविंदर सिंह



**बिश्रामपुर।** रिटायर्ड कॉलरी कर्मी केशवनगर निवासी बलविंदर सिंह का 68 वर्ष की आयु में इलाज के दौरान मौत हो गयी, वे पिछले कुछ समय से लिवर की बीमारी से जूझ रहे थे, रायपुर के सुयश अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, बुधवार की देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली, उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को ग्राम कुरवा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा, वे अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री शोकाकुल छोड़ गए हैं।

---

गांव में विद्युत पोल लगाए हो गए तीन साल, अब तक नहीं पहुंची बिजली

# ग्राम पंचायत लुर्गी में विद्युत पोल लगाकर विभाग भूला तार लगाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

आधुनिकता के इस दौर में बिजली जहां सबकी जरूरत है। खेती किसानी से लेकर सभी क्षेत्र में बिजली की आवश्यकता होती है। ऐसे में बिजली की सुविधा न हो तो लोगों को किस परेशानी से गुजरना पड़ता है इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत लुर्गी की है जहां आजादी के बाद से आज तक गांव के लोगों को बिजली नसीब नहीं हो सका। हैरानी की बात यह है कि गांव में बिजली की व्यवस्था करने के लिए तीन साल पूर्व विद्युत पोल लगाया गया था परंतु विभाग तार लगाना भूल गया। ऐसे में आज के दौर में भी ग्राम पंचायत के लोग ढिबरी युग में जीने को मजबूर है। ऐसा नहीं है कि ग्रामीणों ने अपनी समस्या से विभाग व जनप्रतिनिधि को अवगत नहीं कराया गया परंतु अधिकारी व जनप्रतिनिधि की उदासीनता रवैया का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

**खास बात**

- गांव में लगा विद्युत पोल बना शो पीस



तारविहीन गांव में लगा विद्युत पोल।

विकासखंड रामचंदरपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत लूर्गी में आजादी के 75 साल बीत जाने के बावजूद आज तक बिजली नहीं पहुंची है। ऐसे में आज भी गांव के लोगों को बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। ऐसे में आज भी ग्राम पंचायत के लोग अंधेरे में रहने को विवश है। रामानुजनगर से महज कुछ किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत है जहां बिजली की सुविधा नहीं होने से गांव के लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि अन्य जिले के अन्य ग्राम पंचायतों में बिजली की सुविधा होने के कारण उन्हें ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है और ग्राम पंचायत विकास की ओर अग्रसर है। ग्राम पंचायत लूर्गी में भी साल 2021 को बिजली की सुविधा से जोड़ने के लिए विद्युत पोल लगाया गया। गांव में विद्युत पोल के लग जाने से बिजली उपलब्ध होने की आस जगी परंतु आस उस समय निराशा में बदल गई जब विद्युत पोल लगाने के बाद विभाग तार लगाना भूल गया। ऐसे में आज ग्राम पंचायत में लगाए गए विद्युत पोल सिर्फ गांव की शोभा बढ़ाने के लिए मात्र शो पीस बनकर रह गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के सरपंच सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व जनप्रतिनिधियों से कई बार बिजली की समस्या से अवगत कराया परंतु किसी ने समस्या के निदान के लिए किसी प्रकार की पहल नहीं की जिससे आज भी बिजली के अभाव में गांव के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर है।

**खेती किसानी पर असर**

गांव में बिजली की सुविधा नहीं होने से इसका असर खेती किसानी पर भी पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि आज भी खेती के लिए सिंचाई का साधन मात्र मौसम है जिस पर निभर है। जबकि दूसरे पंचायत में बिजली की सुविधा होने के कारण किसान सिंचाई लिए बोर व पंप का सहारा लेकर दोहरी फसल का लाभ उठा रहें है। गांव में जो सक्षम है वे तो सौर ऊर्जा पंप लगाकर सिंचाई करते है परंतु जिसके पास साधन नहीं है वे सिर्फ मौसम पर ही निर्भर है।

**बच्चे नहीं कर पाते पढ़ाई**

बिजली आज सभी की जरूरत बन गई है। ऐसे में बिजली की सुविधा नहीं होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। रात के समय बच्चों को ढ़िबरी के सहारे पढ़ाई करने को मजबूर है। इसके अलावा बिजली नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता ही है साथ ही सांप बिच्छू का खतरा बना रहता है।

**कराएंगे समाधान**

विद्युत विभाग के ईई से इस संबंध में जानकारी लेंगे। कार्य योजना दूसरे ईई के पास रहा है। हमारे पास डिस्ट्रिब्यूशन के ईई नियमित रूप से बैठक में आते है। जानकारी लेकर जो भी कारण होगा उसका समाधान कराया जाएगा।

-**रिमिजियुस एक्का**, कलेक्टर बलरामपुर



## केशवनगर धान खरीदी केंद्र का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

क्षेत्र के ग्राम पंचायत केशवनगर के धान खरीदी केंद्र पर कलेक्टर रोहित व्यास ने गुरूवार को औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने उपार्जन केंद्र के प्रबंधक से धान खरीदी से संबंधित पंजी प्रस्तुत करने के लिए कहा। उन्होंने बारीकी से धान खरीदी रजिस्टर, निरीक्षण पंजी, बारदाना पंजी व निरीक्षण पंजी का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने केंद्र में धान का विक्रय करने आए कृषक अरविंद राम से बेचे गए धान की जानकारी लेकर पंजी का मिलान भी किया। उन्होंने धान उठाव के संबंध में प्रबंधक से जानकारी ली, साथ ही उन्होंने नमी मापक यंत्र पर धान का गुणवत्ता परीक्षण भी कराया और धान केंद्र में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि धान उपार्जन केंद्र में किसान और हमाल के अलावा अन्य लोग उपस्थित ना रहें। इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी विजय किरण व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## देवनगर धान खरीदी केंद्र का मंडल अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

देवनगर धान खरीदी केंद्र का भाजपा मंडल अध्यक्ष राम शिरोमणि साहू निरीक्षण किया। साथ ही आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित देवनगर में धान बेचने आए किसान रामफल, रामकरन संतोष कुमार,गोविंद राम सहित अन्य किसानों से जानकारी ली। समिति प्रबंधक अशोक साहू ने बताया कि किसान पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अधिक धान बेच रहे हैं। इस वर्ष छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार किसानों का धान 21 क्विंटल प्रति एकड़ की के हिसाब से खरीदी जा रही है। जबकि पिछले वर्ष इस समिति में 15 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से कुल 6800 क्विंटल की खरीदी की गई थी जबकि इस वर्ष अभी तक 46925 क्विंटल की खरीदी की जा चुकी है और अभी 31 जनवरी तक धान खरीदी की जाएगी। पिछले साल से अधिक धान आने की संभावना है। समिति में कुल 1598 किसान पंजीकृत हैं जिसमें 1500 किसान ने धान बेचने हेतु टोकन कटवाया हैं। मंडल अध्यक्ष श्री साहू ने किसानों को आश्वस्त किया कि धान बेचने में किसी भी किसान को परेशानी नहीं होगी और शासन की योजनाओं का लाभ मिलेगा।

## इंजीनियरिंग कॉलेज को सीआईटी बनाने कलेक्टर ने तकनीकी शिक्षा सचिव को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा लोकसभा में आईआईटी की तर्ज पर विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज को छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बनाने हेतु कलेक्टर ने तकनीकी शिक्षा सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि शासन द्वारा वर्ष 2010 में अम्बिकापुर में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की गई है जो सरगुजा संभाग के आदिवासी अंचल में एकमात्र इंजीनियरिंग कॉलेज है तथा वर्तमान में शासन के आदेश से विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज के नाम से संचालित है। जिला प्रशासन द्वारा संचालक तकनीकी शिक्षा के नाम से शासकीय भूमि में संचालित है। जिला प्रशासन द्वारा संचालक, तकनीकी



शिक्षा के नाम से 26 एकड़ शासकीय भूमि में संचालित है तथा कॉलेज के आसपास के करीब 75 एकड़ शासकीय भूमि उपलब्ध है। संस्था में पर्याप्त फैकल्टी एवं अधोसंरचना उपलब्ध है साथ ही भूमि की उपलब्धता भी सीआईटी के मानक के अनुरूप उपलब्ध है। संस्था के पांच विषयों सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, क्म्प्यूटर साइंस एवं माइनिंग इंजीनियरिंग में स्नातक एवं स्नातकोत्त पाठ्यक्रम संचालित है। कलेक्टर ने कुलाधिपति के द्वारा 20 दिसम्बर 2023 के उद्बोधन के संदर्भ में आईआईटी की तर्ज पर छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी के नाम से सरगुजा के आदिवासी लोकसभा क्षेत्र में स्थित एकमात्र शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज को सीआईटी में पदोन्त करने का अनुरोध किया है। मालूम हो कि इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने एक दिवसीय सरगुजा प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, एवं तकनीकी मंत्री विजय शर्मा से मिलकर ज्ञापन सौंपा था। मुख्यमंत्री ने छात्रों को विवि इंजीनियरिंग कॉलेज को सीआईटी में पदोन्नत करने का आश्वासन दिया था।

### 22 को मांस-मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**रामानुजगंज।** बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने 22 जनवरी को प्रभु रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन जिले में मांस-मछली के विक्रय पर प्रतिबंधित किए जाने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया कि 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में होने वाले प्रभु रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन पूरे देश एवं जिले भर में अनेकों धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ऐसे में मांस मछली के संपूर्ण क्रय विक्रय पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की है। इस दौरान जिला संयोजक जशु केसरी, नगर संयोजक नयन गुप्ता, नगर सह संयोजक सुशील मेहरा, सूरज कश्यप, सौरभ श्रीवास्तव, पप्पू यादव, रितेश कुमार, उमेश कुशवाहा, दयाशंकर यादव, शैलेश यादव, ऋषि पासवान, उमेश यादव, रितिक ठाकुर, गौतम, आनंद रवि, सोनू पासवान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पीईकेबी खदान शुरू कराने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**अम्बिकापुर।** विकासखंड उदयपुर क्षेत्र के ग्रामीणों ने आज पीईकेबी खदान शुरू करवाने की मांग को लेकर कलेक्टर विलास भोसकर संदीपन को ज्ञापन सौंपा। ग्राम साल्ही, परसा, बासन, शिवनगर, फतेहपुर, घाटबर्रा सहित अन्य गांव के ग्रामीणों ने छह महीने से बंद पड़ी खदान परसा ईस्ट केते बासेन खदान को पुनः सुचारु रूप से चलाने की मांग की। ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि खदान प्रभावित परिवार के सदस्य व आसपास के ग्रामीण हैं तथा अधिकतर लोग खदान में नौकरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। लेकिन उनके क्षेत्र की एक मात्र खदान को कई महीनों से जमीन नहीं उपलब्ध होने के कारण बंद हो गई है जिससे उन्हें बेरोजगार हो गए जिससे परिवार के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से खदान शुरू कराने की मांग की है।

## सरपंच व जनपद सदस्य ने मृतक के परिजन का किया आर्थिक सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

ग्राम पंचायत परशुरामपुर के सरपंच लालकेश्वर सिंह सरुता व जनपद सदस्य परमेश्वर सिंह ओरकरा ने पंडों परिवार के दशगात्र कार्यक्रम के लिए मृतक के परिजन को आर्थिक सहयोग किया।

मृतक काशी राम पंडों के दशगात्र कार्यक्रम के लिए सरपंच श्री सिंह सरुता द्वारा 35 किलो चावल और 1000 नगद राशि दिया गया वहीं जनपद सदस्य श्री ओरकरा द्वारा 1000 रुपए नकद सहयोग दिया गया। इस दौरान मृतक परिजन बीरबल एवं नन्ही पंडों और पंडों समाज के प्रमुख गिरधारी पंडों, आनंद, मधु राम, रती राम, शोभित, लक्ष्मण, फुलचंद,कृष्णा व समाज लोग उपस्थित थे



## विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में जैविक खेती के लिए किसानों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

केन्द्र सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन के आगमन से ग्राम में विकास को गति मिलेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ उन व्यक्तियों तक पहुंचाना है,जो अभी तक शासन की योजनाओं से वंचित है। ग्रामीणों के अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट योजना का लाभ उठा सकें इसके लिए विभिन्न विभागीय योजनाओं अंतर्गत स्टॉल लगाए जा रहे है। खाद्य विभाग के स्टॉल में दिव्यांगजनों के लिए राशन कार्ड विशेष तौर पर बनाये जा रहे है। स्वच्छ भारत



मिशन के तहत साफ-सफाई करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा जल जीवन मिशन, महिला एवं विकास विभाग के स्टॉल लगाए गए हैं। विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन पहुंच रही है जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन हुआ। चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गई और विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर धरती कहे पुकार के अंतर्गत सांस्कृति कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई तथा रासायनिक खाद का उपयोग नहीं करने एवं जैविक खाद का उपयोग करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी



**कुसमी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत करकली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबंधित करने हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण स्तर पर केंद्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है जिसके तहत प्रधान मंत्री आवास, उज्जवला गैस योजना के तहत गरीब परिवारों को गैस उपलब्ध कराना, समूह के माध्यम से बैंक से ऋण उपलब्ध कराना, पहाड़ी कोरवा परिवार को जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत सुविधा दिलाने सहित अनेकों प्रकार की सुविधाएं धरातल स्थल पर उपलब्ध कराने संबंधित जानकारी दी तथा केंद्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की बात कही गई। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य हिरामुनी निकुंज, जनपद अध्यक्ष हुमंत सिंह, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा किसान मोर्चा राकेश भारती, अशोक सोनी, मो. समीम, इंद्रदेव निकुंज, मो. रब्बानी, नसरुल्ला खान, ग्राम पंचायत के सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कमरे में नर्सिंग छात्रा की संदेहास्पद रूप से मिली लाश

**सीतापुर।** नर्सिंग की पढ़ाई कर रही छात्रा की कमरे में संदेहास्पद लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। छात्रा किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। बड़ी बात यह है कि छात्रा के मौत का कारण पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि जशपुर जिले के बगीचा निवासी महेंद्र सिंह की 21 वर्षीया पुत्री नर्सिंग कॉलेज की छात्रा थी और दो वर्षो से सीतापुर में थी। मृतिका पूर्व में कॉलेज के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती थी और बाद में वह मुलाजिम पारा में किराए के मकान में अकेले रहती थी। 13 दिसंबर को छात्रा अपनी दीदी के साथ बगीचा से वापस लौटी थी। इस दौरान दस दिनों तक उसकी बड़ी बहन भी साथ रही। बड़ी बहन के जाने के बाद वह अकेले रखकर पढ़ाई कर रही थी। आज सुबह जब छात्रा के कमरे का दरवाजा नहीं खुला। काफी समय बाद भी छात्रा बाहर नहीं आई तो पड़ोसियों ने शंका के आधार पर अंदर कमरे में झांककर देखा तो छात्रा बिस्तर पर पड़ी हुई थी। ऐसे में शंका के आधार पर मकान मालिक ने परिजन व पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जब दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो छात्रा बिस्तर पर पड़ी हुई थी। छात्रा को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि छात्रा 10 जनवरी की दोपहर एक बजे कॉलेज से छुट्टी लेकर घर आई थी। इसके साथ ही उसने अपनी मां से शाम को फोन पर बताया था कि उसके पेट में दर्द है। शुरुआत में छात्रा के आत्महत्या किए जाने की बात कही जा रही थी लेकिन छात्रा ने ना ही फांसी लगाई और ना ही जहर खाया है। छात्रा के शरीर पर चोट या कटने के निशान भी नहीं है ऐसे में उसकी मौत का कारण पता नहीं चल सका है। हालांकि प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट में उसके पेट में अनाज का एक भी दाना नहीं होने की बात भी कही जा रही है लेकिन इससे भी मौत की पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में छात्रा की मौत का रहस्य गहरा गया है। घटना के बाद परिजन सदमे में है। पुलिस द्वारा छात्रा के मोबाइल फोन को जब्त किया गया है। इस संबंध में एएसआई शिव चरण साहू ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

- अकेले रहकर करती थी पढ़ाई, मौत का कारण अज्ञात

## एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों को सशक्त बनने की मिलती है प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नटवर नगर श्रीकोट गहिरा गुरु संस्कृत विश्वविद्यालय के तत्वाधान में संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीकोट के विद्यार्थियों द्वारा एनएसएस प्रशिक्षण शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चिंतामणि महाराज सपरिवार शामिल हुए। उन्होंने एनएसएस के विद्यार्थियों को अपने उद्बोधन में सही राह में चलते हुए देश की सेवा करने की बात कही गई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामपथ यादव ने कहा कि आज के सभी सांस्कृतिक अच्छे और समाज को प्रेरणा देने वाली कार्यक्रम है। नटवर नगर में एनएसएस द्वारा यह



तीसरी बार प्रशिक्षण का कार्यक्रम किया जा रहा है। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा रतासीली बांध के पास ग्रामीणों के आने जाने का रास्ता बनाया गया है वह सराहनीय कार्य है। ऐसे कार्यक्रम में भाग लेने से समाज के प्रति कुछ न कुछ शिक्षाप्रद बात सीखने को मिलती है। प्रशिक्षण में जो भी विद्यार्थी भाग लिए है वह आने वाले पीढ़ी को शिक्षित बलवान बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस दौरान रामपथ यादव, अरविंद तिवारी, राकेश भारती, कुंदन गुप्ता, राजेंद्र यादव, नंदू गुप्ता, परशुराम शास्त्री सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश का स्वागत, निकाली गई शोभायात्रा

**लहपटरा।** अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश का क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के लोगों द्वारा नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान लोगों में जगह जगह पुष्प वर्षा कर अक्षत कलश का स्वागत किया। बता दें कि 22 जनवरी को होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या से अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली गई है। गुरुवार को अक्षत कलश लहपटरा पहुंची जहां समाज के लोगों द्वारा इसका जोरदार स्वागत किया गया। समाज के लोगों द्वारा स्थानीय शिव मंदिर से अक्षत कलश की गाजे बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में पुरुषों के साथ ही महिलाओं व बच्चों ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया व लोगों से 22 जनवरी को घर घर डीप जलाकर दीपावली मानाने का आह्वान किया।नगर भ्रमण उपरान्त शोभा यात्रा शिव मंदिर में समाप्त हुई। सतनारायण तिवारी, रतन पांडे, गोपाल सिंह, राम बिहारी, रामधन, विष्णु राजवाड़े, रामप्रवेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### पदयात्रा कर अयोध्या जाने निकले राम भक्त का नगर में किया गया स्वागत



**बिश्रामपुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्रीराम के मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने गुरूवार को एक युवक पदयात्रा पर निकल गया है। युवक के निर्णय को लेकर आमजन द्वारा युवक को बाजे गाजे के साथ विदाई दी गई। जानकारी के अनुसार करंजी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसुरा निवासी मोहर साय राजवाड़े पिता इशबल राजवाड़े द्वारा अयोध्या में आयोजित होने वाले राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने करीब 518 किलोमीटर लंबी दूरी को तय करते हुए पदयात्रा कर जाने का निर्णय लिया गया। राम भक्त मोहर साय राजवाड़े को विदाई देने गुरूवार को भाजयुमो जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यनारायण जायसवाल के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों द्वारा दतिमा चौक के पास बाजे गाजे के साथ पूजा अर्चना कर विदाई दी गई।

### समय पर अस्पताल में उपस्थिति दर्ज कराएं चिकित्सक : एसडीएम



**बिश्रामपुर।** आईएएस अधिकारी व नवपदस्थ सूरजपुर एसडीएम लक्ष्मण तिवारी ने बुधवार की देर रात बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने मरीजों से मुलाकात कर अस्पताल के संबंध में उनसे फीड बैक लिया।देर रात करीब आठ बजे निरीक्षण के लिए अस्पताल पहुंचे एसडीएम श्री तिवारी ने अस्पताल के विभिन्न कमरों सहित शौचालय की स्थिति देखी और बेहतर तरीके से साफ सफाई रखने पर जोर दिया।इस दौरान अस्पताल के सामने परिसर को अंधेरा देखते हुए पर्याप्त लाइट की व्यवस्था कराने स्टॉफ को निर्देशित किया।इस दौरान उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों व अस्पताल कर्मियों को अस्पताल आए मरीजों से बेहतर व्यवहार करने व समय पर ड्यूटी में उपस्थित होने तथा ड्यूटी के पूरे समय तक अस्पताल में रहकर मरीजों की बेहतर देखभाल करने की समझाइश दी।उन्होंने अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना व अस्पताल के संबंध में जरूरी फीड बैक भी लिया।एसडीएम ने परिसर में बन रहे बीपीएचसी भवन, लैब, चिकित्सकों की बैठक व्यवस्था,काउंटर सहित आपातकालीन व्यवस्था के संबंध में भी बीएमओ से जानकारी ली, साथ ही बच्चों के पोषण पुनर्वास केंद्र के सामने उनके खेलने के लिए उपकरण झूले, फिसलपट्टी की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया।निरीक्षण के दौरान बीएमओ डॉक्टर प्रशांत सिंह सहित अस्पताल के अन्य चिकित्सक व स्टॉफ उपस्थित थे।

### तकनीकी त्रुटि होने के कारण नहीं मिली राशि

# सरगुजा के हजारों किसान बकाया बोनस से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राज्य सरकार ने अपनी चुनावी घोषणा पर अमल करते हुए राज्यभर के किसानों के खाते में दो सालों का बकाया धान बोनस का भुगतान जमा कर दिया है लेकिन विभिन्न तकनीकी खामियों के कारण एकीकृत सरगुजा के हजारों किसान इस सुविधा से वंचित हैं तथा समितियों व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का चक्कर लगा रहे हैं। शासन ने ऐसे हितग्राहियों की समस्या के निवारण के लिए तहसील कार्यालयों में आवश्यक सुधार की पहल प्रारम्भ की है लेकिन जानकारी के अभाव में हितग्राही इधर-उधर भटक रहे हैं। भाजपा ने चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के रूप में विभिन्न सुविधाएं शुरू करने की घोषणा की थी जिसमें वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में धान बेचने वाले किसानों को बकाया बोनस भुगतान करने की भी घोषणा शामिल थी। प्रदेश की सत्ता संभालते ही भाजपा सरकार ने चुनावी घोषणाओं का तेजी से क्रियान्वयन करना प्रारम्भ कर दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर 26 दिसम्बर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के लाखों किसानों के खाते में ऑनलाईन दो साल के बकाया बोनस का भुगतान किया था। मुख्यमंत्री की इस पहल से किसानों को मोटी राशि मिली है जिससे किसानों में भारी खुशी है। इस योजना से एकीकृत सरगुजा अंतर्गत सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया एवं मनेन्द्रगढ़ जिले के लाखों किसान लाभान्वित हुए हैं वहीं हजारों किसान ऐसे हैं जिन्हें तकनीकी खामियों के कारण अब तक योजना का लाभ नहीं मिल सका है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में धान बेचने वाले कई किसानों की मौत हो चुकी है लेकिन परिवार के सदस्यों ने पूर्व में खोले गए बैंक खाता में सुधार नहीं करवाया है। कई परिवारों में बंटवारा होने के कारण खातेदार अपने-अपने नाम से धान बेच रहे हैं लेकिन पुराना बैंक खाता यथावत पड़ा है। कई बैंक एकाउंट आधार से लिंक नहीं कराए गए हैं वही कई में अन्य तकनीकी खामियां हैं। शासन द्वारा बकाया बोनस का आनलाइन भुगतान करने की सूचना पर ऐसे किसान हरकत में आए हैं।

**खास बात**
- जानकारी के अभाव में लगा रहे बैंक व समिति का चक्कर



### सूरजपुर के 1668 किसानों को नहीं मिला बोनस

तकनीकी खामियों के कारण एकीकृत सरगुजा के विभिन्न पांच जिलों के 5 हजार 175 किसान बकाया बोनस भुगतान से अब तक वंचित है। शासन की इस सुविधा से वंचित तकनीकी खामी वाले सूरजपुर के सर्वाधिक 1668 किसान जबकि सरगुजा के 1622 किसान शामिल है। इसी तरह बलरामपुर के 976, कोरिया के 909 किसानों को बकाया बोनस का भुगतान नहीं मिल सका है। बैंक खाते की तकनीकी खामियों में सुधार कराने के बाद इन किसानों के खाते में भी बकाया बोनस का भुगतान जमा होगा।

#### मिलेगी 17 करोड़ से अधिक राशि

तकनीकी खामी का निराकरण होने के बाद इन किसानों को 17 करोड़ से अधिक राशि की आय होगी। सूरजपुर के 1668 किसानों ने वर्ष 2014-15 में 1 लाख 2 हजार 205.3 क्विंटल एवं वर्ष 2015-16 में 85 हजार 913.94 क्विंटल, सरगुजा के 1622 किसानों ने क्रमशः 93 हजार 511.6 क्विंटल एवं 1 लाख 80 हजार 146.6 क्विंटल, बलरामपुर के 976 किसानों क्रमशः 56 हजार 101.6 क्विंटल एवं 61 हजार 65.31 क्विंटल तथा कोरिया के 909 किसानों ने क्रमशः 51 हजार 565.9 क्विंटल एवं 16 हजार 934 क्विंटल धान बेचा था। एकीकृत सरगुजा के 5175 किसानों के खाते की त्रुटि सुधारने पर इन्हें 300 रूपए क्विंटल की दर से 9 करोड़ 1 लाख 15 हजार 320 रूपए एवं 8 करोड़ 16 लाख 17 हजार 955 रूपए कुल 17 करोड़ 26 लाख 23 हजार 275 रूपए के बकाया बोनस का भुगतान मिलेगा जिससे किसान मालोमाल हो जाएगें। किसानों के खाते में जमा बकाया बोनस की जानकारी मिलने के बाद धान नहीं बेचने वाले किसान परेशान हैं तथा बैंक पहुंचकर वर्षों पुराने धान विक्रय के रिकार्ड की जांच करा रहे हैं।

#### तहसील कार्यालय से सुधार

तकनीकी दोष के कारण बड़ी संख्या में किसान बकाया बोनस भुगतान से वंचित हैं। शासन द्वारा ऐसे कृषकों के रिकार्ड में सुधार की सुविधा तहसील कार्यालयों में प्रदान की गई है। प्रभावित किसान सम्बंधित समिति एवं तहसीलदार से संपर्क कर अपने रिकार्ड का सुधार करा सकते है। रिकार्ड सुधरते ही खाते में बोनस की राशि जमा हो जाएगी।

-पीएस परिहार
विपणन अधिकारी, को ऑपरेटिव बैंक



## नायब तहसीलदार ने जब्त किया 130 बोरी धान लोड एक पिकअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

क्षेत्र में धान तस्करी का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। तस्कर प्रशासन की कमजोरियों का फायदा उठाकर लगातार सहकारी समितियों में पड़ोसी राज्यों का धान खपा रहे हैं। गुरूवार को तहसीलदार संजय शर्मा ने अवैध धान लोड दो पिकअप को जब्त किया है। वर्तमान में तस्करों की चांदी हो गई है। तस्कर जंगल एवं नदी-नालों के रास्ते पहाड़ी राज्य मध्यप्रदेश एवं यूपी के साथ ही जहां-तहां से सस्ते कीमतों पर धान खरीदकर सहकारी समितियों में खपा रहे हैं। तस्करों की सक्रियता की सूचना पर नायब तहसीलदार संजय शर्मा ने राजस्व अमले के साथ दूरस्थ क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान ग्राम पंचायत खैरा के रेड़िया पारा में दो पिकअप को आते देख रोका एवं जांच की तो दोनों पिकअप में 130 बोरी अवैध धान मिला। चालक धान से संबन्धित कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। पूछताछ में चालकों ने बताया कि धान नवाटोला निवासी प्रेमलाल जायसवाल का है। चालकों ने विकासखण्ड भैयाथा अंतर्गत ग्राम अधिना-सलका से धान परिवहन करने की जानकारी दी। नायब तहसीलदार ने 130 बोरी धान लोड पिकअप क्रमांक यूपी 64 पी 0277 एवं एमपी 66 जी 2028 को जब्त किया है। बताया जा रहा है तस्कर जंगलों एवं नदी-नालों के रास्ते हर दिन 20 पिकअप से अधिक अवैध धान समितियों में खपा रहे हैं। अवैध धान की धर पकड़ के लिए प्रशासन द्वारा तस्करों के चिन्हित मार्ग ग्राम पंचायत कोल्हुआ अंतर्ग मकरादुआरी एवं वाड्रफनगर अंतर्गत सपहा में बैरियर लगाकर वाहनों की सघन जांच की जाती थी। इस बार जिला प्रशासन ने दोनों बैरियर को हटा दिया है। एमपी के अंतर्राज्यीय सीमा नवाटोला स्थित चेकपोस्ट पर सख्त पहरा लगाया गया है। मकरादुआरी एवं सपहाचौपता का रास्ता खुला होने के कारण तस्कर इसी रास्ते से एमपी एवं यूपी का धान खपा रहे हैं। तस्कर चौपता के रास्ते सीमावर्ती यूपी एवं मकरादुआरी के रास्ते एमपी का धान परिवहन कर रहे हैं।

- अधिना-सलका से किया जा रहा था परिवहन

**कोयला मंत्री के नाम का पंद्रह सूत्रीय मांग पत्र संगठन द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधन को सौंपा गया**

## मजदूर संघ का सीएमपीएफ घोटाले की सीबीआई जांच की मांग पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के आह्वान पर कोयला खान भविष्य निधि में हो रही गड़बड़ी रोकने, कोल कर्मचारियों के सीएमपीएफ/ पेंशन फंड को बचाने तथा कोयला उद्योग में कार्यरत ठेका मजदूरों के विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई है, इसके लिए गुरुवार को संगठन के सैकड़ों कामगारों ने महामंत्री सुजीत सिंह के नेतृत्व में एस ई सी एल कम्पनी महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव कर केंद्रीय कोयला मंत्री के नाम क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा।इस दौरान संगठन के मजरूल हक ने उपस्थित जनों के समक्ष अपनी बातों को विस्तार पूर्वक रखा।संगठन की ओर से कार्मिक प्रबंधक को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि कोयला कर्मियों की मेहनत की कमाई के डेढ़ लाख करोड़ के भविष्य निधि और पेंशन फंड धनबाद स्थित सीएमपीएफ संगठन द्वारा प्रतिबंधित किया गया है जिसके मुखिया विभाग के आयुक्त हैं तथा न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष भारत सरकार कोयला मंत्रालय के सचिव हैं। वर्ष 2015 से 2018 के दौरान भारी मात्रा में दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में 1390.25 करोड़ रुपये का निवेश किया गया था,लेकिन सीएमपीएफओ के संबंधित अधिकारियों ने गैर परीवर्तनीय डिवेंचर के शीघ्रमोचन के लिए समय पर उचित कदम नहीं उठाए जिसके परिणामस्वरूप 727.67 करोड़ रुपये का नुकसान संगठन को हुआ।इसी तरह सन 2011 से 14 के दौरान इन्फ्रासस्टक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल कैपिटल में 102.43 करोड़ रुपये और रिलायंस कैपिटल में 150 करोड़ रूपये का निवेश किया गया था,लेकिन कम्पनियों के परिसमापन में जाने से पहले सीएमपीएफ अधिकारियों द्वारा राशि वापस लेने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया जिसके कारण भी संगठन को भारी नुकसान होना तय है।मजदूर संघ ने सीएमपीएफ संगठन में किसी तरह की पारदर्शिता नहीं होने का आरोप लगाया है।इसके अतिरिक्त ज्ञापन में कोल इंडिया के बढ़ते उत्पादन एवं उत्पादकता एवं मुनाफे में अहम भूमिका के बावजूद कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा ठेका मजदूरों की समस्याओं के निराकरण में टाल मटोल की नीति अपनाए जाने का आरोप लगाते हुए मजदूरों की समस्यायों के निराकरण की मांग की है।मांगो में सीएम पीएफ घोटाले की सीबीआई जांच की मांग कर दोषियों को दंडित कर गबन की राशि वसूली करने,सीएमपीएफओ में वित्तीय पृष्ठभूमि और अनुभवी व कुशल आयुक्त की नियुक्ति करने,संगठन के प्रशासन व कामकाज में पारदर्शिता लाये जाने, पुरी तरह से प्रणाली को डिजिटल किए जाने समेत कुल पन्द्रह सूत्रीय मांग ज्ञापन में शामिल है।गुरूवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के दौरान संघ के महामंत्री सुजीत सिंह,मजरुल हक अंसारी,महेंद्र लांडे,राजेश सिंह,अशोक सिंह,सुरेंद्र सिंह छुन्दी,रनसाय,राजवाड़े,हेमंत कुमार सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**विधायक ने ली शिक्षा विभाग की बैठक, दिए शिकायत पेटी लगाने के निर्देश**

## शिक्षक से होता है शिक्षित समाज मजबूत राष्ट्र का निर्माण : टोप्पो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्रीय विधायक राम कुमार टोप्पो ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान विधायक ने कहा कि शिक्षक से एक शिक्षित समाज एवं मजबूत राष्ट्र का निर्माता होता है। इनके हाथों में बच्चों की बुनियादी शिक्षा के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की अपार क्षमता होती है। हमारे देश में विलक्षण प्रतिभा और असाधारण इच्छाशक्ति से परिपूर्ण शिक्षक आज भी है, जो भारत को विश्वगुरु बनाने का माद्दा रखते है। विधायक ने कहा कि विद्यालय में अनुशासन के साथ गणवेश एवं स्वच्छता का माहौल निर्मित हो इसके लिए आप सभी शिक्षक टीम वर्क बनाकर जिम्मेदारी से काम करे। स्कूलों में विधायक जी को पत्र के नाम एक सुझाव एवं शिकायत पेटी की व्यवस्था की जाए जिससे छात्र समय समय पर अपना सुझाव एवं शिकायत मुझ तक पहुंचा सके। बैठक के दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो को शिक्षा विभाग द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीइओ मिथिलेश सिंह सेंगर ने शिक्षा के क्षेत्र में होने वाली उपलब्धियां एवं योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बीइओ ने निःशुल्क संचालित कैरियर कोचिंग सेंटर से प्रतिवर्ष प्रयास आवासीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित अभ्यर्थियों के बारे में विधायक को अवगत कराया। इस अवसर पर अंगना में शिक्षा की एसआरजी अनिता तिवारी ने वर्तमान शाला समय को महिला शिक्षिकाओं के लिए अव्यवहारिक बताते हुए पूर्व समय पर संचालित करने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन नीलम सोनी एवं आभार प्रदर्शन एबीईओ महेश सोनी ने किया। इस अवसर पर रवि भोय, सुनील गुप्ता, वशिष्ठ दास, भवानी सिंह, बीआरसी रमेश सिंह, बीपीओ प्रेम गुप्ता, बीआरपी मीना गुप्ता समेत प्राचार्य, प्रधानपाठक, सीएससी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



बैठक में शामिल विधायक व अन्य।

### 9 हाथियों ने दो घंटे में की तोड़फोड़

**उदयपुर।** क्षेत्र में लम्बे समय से भ्रमण कर रहे 9 हाथियों के दल ने बीती रात ग्राम सतीमुड़ा एवं बेवल घाटी में जमकर तबाही मचाई। हाथी गन्ना व आलू की फसल तबाह करने के साथ दो घरों में तोड़फोड़ की। फसलों को तबाह करने के बाद हाथी बस्ती में घुस गए तथा सतीमुड़ा निवासी धनीराम एवं बेचल घाटी निवासी सुखाल मझवार के घर में तोड़फोड़ मचाया तथा घर में रखा अनाज चट कर गए। हाथियों ने उपदेश सिंह के गन्ना व आलू की फसल को नष्ट कर दिया है।



## संविदा प्रधान पाठक को बहाल करने की मांग

**बलरामपुर।** वाड्रफनगर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्रधान पाठक को कार्यमुक्त किए जाने के मामले में छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पुनर्विचार की मांग की है। संघ के संभागीय अध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने कहा कि आशीष केसरी पहली से पांचवी कक्षा तक के प्रधान पाठक संविदा नियुक्त हुए थे। फाल सीलिंग गिरने की घटना कक्षा दसवीं में हुई जिसमें उनकी कोई जवाबदेही नहीं है। आशीष केसरी द्वारा फाल सीलिंग टूटने की जानकारी तत्काल अपने स्कूल के प्राचार्य को दी परंतु आशीष केसरी के विरुद्ध कलेक्टर द्वारा कार्रवाई की गई व उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया। छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने आशीष केसरी के पुनः नियुक्ति करने की मांग की है। आशीष केसरी ने भी कार्रवाई को गलत ठहराते हुए पुनः विचार करने व उन्हें नियुक्त करने की मांग की है।






## छात्रों को वितरित किए गए जूते

**बिश्रामपुर।** शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल रामनगर में किसान व सब्जी व्यवसाई बाबुलाल यादव द्वारा स्कूली बच्चों को यूनिफार्म कोड के तहत जूते प्रदान किये गए। रामनगर निवासी सब्जी व्यवसायी द्वारा बढ़ती ठण्ड को देखते हुए गांव के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए ये कार्य किया,उक्त कार्यक्रम में डॉ. सुनील श्रीवास्तव, श्रीमती रुकमणि, राजकुमारी, बंसत प्रजापति, कनीलाल, दिनेश यादव अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉ. सुनील श्रीवास्तव द्वारा यह घोषणा की गई कि कक्षा नौवीं, दसवीं व ग्यारहवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 3100 रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 2100 रूपए व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 1100 रूपए नगद प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। कार्यक्रम में संकुल की ओर से संकुल प्राचार्य सुषमा बखला, व्याख्याता सुरेन्द्र जायसवाल, पिंकू शर्मा, अनुराधा झा, सूचिता टोप्पो, संध्या मिश्रा, रीना रोज कुजूर व संकुल समन्वयक वीजेंद्र जायसवाल उपस्थित थे।







